Serial No. - 4267 (10) Book No. 1 / Deed No. - 3398

Summary of Endorsement

This document was presented for registration on this Monday, the 13th of February 2012 by Chandradeo Singh.

A stamp duty of Rs. 467300/- and other fees of Rs. 929/- has been paid in it.

The document was found admissible. The names,photographs and fingerprints and signatures of the executants, and their identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.

The document has been registered as deed no. 3398 in Book No. 1 , Volume No. 60 on pages from 1 to 18 and has been preserved in total 18 pages in C.D. No. 10 / Year 2012 .

Signature with date
(Ashok Kumar Thakur)
Registering Officer , Patna

Date :13/02/2012 Token No. : 4321 / 2012

SCANNED

विकास एकरारनामा

यह विकास एकरानामा आज दिनांक 13 फरवरी....सन् 2012 ई0

के बीच

1. **श्री चन्द्रदेव सिंह,**
2. **श्री धर्मदेव सिंह,**
3. **श्री पारस सिंह,**

~~सभी पुत्रगण स्व. बिल्लट सिंह, सभी का निवास स्थान~~ महल्ला - रूकनपुरा, पुराना थाना - दानापुर, वर्तमान थाना - रूपसपुर, पोस्ट - बी. भी.कॉलेज, शहर वो जिला पटना, भारतीय नागरिक (जिन्हें यहाँ पर प्रथम जमीन ~~मालिकगण कहा गया) जिनके उत्तराधिकारीगण~~, आश्रितगण, कानूनी प्रतिनिधि, प्रशासक, निष्पादक या हित उत्तराधिकारीगण भी सम्मलित रहेंगें, जो प्रथम पक्षकार हैं ।

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/02/2012
13.2.2012

Serial No : 4267
Token No : 4321

Deed No : 3398
of 2012

Type & Status of Party	Name of Party	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
In Favour of	*Amar Anand (M. Dir.)* 13/2/12 Signature of Party						
Presented by Self	*Chandradeo Singh* चन्द्रदेव सिंह 13-2-12 Signature of Party						
Executed by	*Dharmdeo Singh* धर्म देव सिंह 13-2-12 Signature of Party						
Executed by	*Chandradeo Singh* Signature of Party						
Executed by	*Paras Singh* पारस सिंह 13-2-2012 Signature of Party						
Identifier	*Nand Kishore Tanti* Nand Kishor Tanti 13-2-2012 Signature of Party						

और

मेंसर्स कौन्सीकौन कन्सट्क्सन प्राईवेट लि0, जो भारतीय कम्पनीज अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निगमित है, जिसका पंजीकृत कार्यालय जयराम भवन, सदर बाजार, दानापुर कैन्ट, थाना दानापुर, जिला - पटना, द्वारा प्रबंध निर्देशक श्री अमर आनन्द, पुत्र श्री राम लखन प्रसाद, निवासी जयराम भवन, सदर बाजार, दानापुर कैन्ट, थाना दानापुर, जिला - पटना, जिन्हें यहाँ पर विकासकर्त्ता/व्यवसायिक मॉल बनावटकर्त्ता कहा गया है, जिनके प्रशासक, कानूनी प्रतिनिधिगण, समुदेशनी और/या हित उत्तराधिकारीगण भी सम्मलित रहेगें, जो द्वितीय पक्षकार है।

(क) यह कि इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भू-सम्पत्ति जिसका विकास एकरारनामा होना है सर्वे खेसरा सं0 - 728 में रकवा 33. 5 (तेंतीस दशमलव पांच) डिसमिल जमीन और खेसरा नं. - 736 में रकवा 3 डिसमिल जमीन अन्दर खाता नं. - 112, तौजी 5281 और थाना नं0 - 18, मौजा - रूकनपुरा, वर्तमान महल्ला आदर्श कॉलोनी, परगना फुलवारी, सर्वे थाना एवं पुलिस थाना - दानापुर, वर्त्तमान पुलिस थाना - रूपसपुर, जिला पटना, बिहार में अवस्थित है के पूर्ण जमीन मालिकगण, स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार प्रथम पक्षगण जमीन मालिकंगण हैं।

अतएव, उपर्युक्त भूखण्ड जमीन मालिकगण के खानदानी और मौरूषी है जो लीलवरण महतो और देवकी महतो, वल्दान गंगा विशुन महतो, निवासी रूकनपुरा, थाना दानापुर, जिला पटना जाति कुर्मी के नाम से सर्वे खतियान में दर्ज है। जिसमें देवकी महतो कुछ वर्षों के उपरान्त नावल्द स्वर्गवास कर गये और सभी सम्पत्तियाँ लीलवरण महतो (जमीन मालिकगण के परदादा) के दखल कब्जे में रहा और वे उस पर ताजिन्दगी मालिक और स्वामी रहे। बाद, लीलवरण महतो अपने दो पुत्रगण श्री अभिलाख महतो और श्री टेक्का महतो को छोड़कर स्वर्गवास कर गये। इसके बाद श्री अभिलाख महतो और टेका महतो सभी सम्पत्तियों पर मालिक मुस्तकिल और दखल कब्जे में समिलात रहे। बाद, दोनों के बीच सम्पत्तियों का बराबर-बराबर बंटवारा हुआ और दोनों अपने-अपने

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13.2.12
13.2.2012

खास दाज और हिस्से में मिले हुए सम्पत्तियों पर मालिक मुस्तकिल और दखल कब्जे में हुए। जिसमें इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भूखण्ड के साथ-साथ अन्य सम्पत्तियाँ टेका महतो के खास, दाज और हिस्से में रहा और उसपर वे ताजिन्दगी दखल कब्जे में रहते चले आये। बाद, वे एक मात्र पुत्र श्री विल्लट सिंह और अपने पौत्रगण (जमीन मालिकगण) को छोड़कर स्वर्गवास कर गये। तत्पश्चात विल्लट सिंह भी अपने तीन पुत्रों (जमीन मलिकगण) को छोड़कर स्वर्गवास कर गये। इसतरह जमीन मालिकगण इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भूखण्ड पर दखल कब्जे में अपने पिता विल्लट सिंह के मृत्यु के उपरांत हुए और उस पर आजतक पूर्ण स्वामी, सर्वाधिकारी, मूल अधिकारी और दखलकार समिलात रूप से रहते चले आते हैं और हैं एवं राजस्व विभाग में प्रथम पक्ष के पिता श्री विल्लट सिंह, वल्द टेक्का महतो के नाम राजस्व विभाग के जमाबन्दी नं0- 24 पर दर्ज हैं एवं बिहार सरकार को मालगुजारी भुगतान कर रहें है एवं हर प्रकार के नुक्श, हकियत, स्वत्वदोष, ऋणभार एवं अन्य तरह विवादों तथा झंझटो से बिल्कुल पाक वो साफ है। इसतरह जमीन मालिकगण को निम्नांकित भूमि पर पूर्ण अधिकार एवं सम्प्रभुता स्थापित है।

अतएव, जमीन मालिकगण बताये कि उपरोक्त सम्पत्ति जो इनके दखल कब्जा के साथ हक, स्वामित्तव एवं अधिकार में है और जो सब तरह के नुक्स हकियत, स्वत्वदोष, अर्जन, विवादों एवं झंझट से बिल्कुल मुक्त है जो वर्तमान हालत में जमीन मालिकगण को अपना पूर्ण हक, अधिकार और स्वामित्व हस्तांतरण पूर्ण एवं अंश में करने का अधिकार प्राप्त है।

अतएव, जमीन मालिकगण की इच्छा हुई कि वे अपने जमीन पर एक बहुमंजीला व्यवसायिक मॉल का निर्माण और विकास किसी भी विकासकर्त्ता/कम्पनी द्वारा किया जाय।

विकासकर्त्ता (द्वितीय पक्षकार) मॉल का निर्माण करने का काम करते हैं एवं विकासकर्त्ता को जमीन मालिकगण उक्त दिलचस्पी के बारे में

For CONCISION CONSTRUCTION PVT. LTD.

13/2/12

13-2-12

13/2/2012

13.2.2012

जानकारी हुआ तब, विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण (प्रथम पक्षकार) के पास बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल इनके जमीन पर बनाने की दिलचस्पी व्यक्त किये और सम्पर्क किये और ऑफर दिये कि सम्परिवर्तित आधार पर उपर्युक्त भूमि, जो इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित है, को विकसित कर एक बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल का निर्माण अच्छे ढंग से बनायेगें और कुल व्यवसायिक मॉल के बनावट में से प्रतिशत के अनुसार उक्त भूमि पर बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल का निर्माण करेगें एवं जमीन मालिकगण का तय हिस्सा जमीन मालिकगण को सुपूर्द कर देंगें। तत्पश्चात जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता आपस में उपर्युक्त बातचीत को तय वो पोख्ता किया और उपर्युक्त बातचीत दोनों पक्षों के बीच तय वो पोख्ता होने के पश्चात किया कि निम्नांकित अनुसूचि - 1 भूखण्डों पर बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल के रूप विकसित करने हेतु यह विकास एकरारनामा को निम्नलिखित शर्त्तों एवं स्थितियों पर किया और इसके एकरार को स्वीकार किया:-

(1) यह कि उपर्युक्त सम्पत्ति जमीन मालिकगणों दखल कब्जे में है साथ हीं वे उसके निर्विवाद, स्वामी, हकदार और दिलचस्पीकार है जो सब तरह के ऋणभारों और स्वत्वदोषों से बिल्कुल मुक्त हैं और वे पूर्णरूपेन स्वत्वाधिकारी और निर्विवाद अधिकारी एवं हकदार उपर्युक्त सम्पत्ति के कुल या इसके अंश को हस्तानान्तरित करने हेतु सक्षम हैं।

(2) यह कि जमीन मालिकगण द्वारा अपने उपुर्यक्त भूखण्डों या इसके अंश को बिक्रय, गिरवी, तबादलनामा, पट्टा, उप-पट्टा, न्यास, कर निर्धारण, रेहन की गई वस्तु या किसी तरह के किराया या कोई अन्य ऋणभारों में नहीं दिया है।

(3) यह कि जमीन मालिकगण के उपर्युक्त भूखण्डों को अर्जन/अर्जन की मांग सम्बन्ध किसी प्रकार की अधिसूचना या इससे संबंधित कोई सूचना पूर्व में या वर्त्तमान में प्राप्त नहीं किया है और न उससे संबंधित पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगरपालिका से हीं पूर्व में प्राप्त किया है

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-02-12
13/02/2012
13.2.2012

और उपर्युक्त भूखण्डों या इसके अंश को आयकर विभाग या कोई अन्य सरकार या इसके प्राधिकार या अर्जन से संबंधित सूचना या अधिसूचना नहीं प्राप्त हुई है।

(4) यह कि उपर्युक्त भूमि पर पूर्व या बाद में अटैचमेंट या उपर्युक्त भूमि के विरूद्ध कोई फैसला, वाद, डिक्री, रोक, आदेश, सूचना, नोटिस, पेटिशन या निर्णायक आदेश, नहीं हुआ है।

(5) यह कि जमीन मालिकगणो के अलावे कोई अन्य व्यक्ति उपर्युक्त सम्पत्ति के पूर्ण भाग या इसके अंश के पट्टीदार, हकदार, स्वत्वाधिकारी या दिलचस्पीकार नहीं है।

(6) यह कि जमीन मालिकगण उपर्युक्त सम्पत्ति से संबंधित कोई अन्य एकरारनामा बिक्रय या विकास हेतु किन्हीं के साथ अभीतक नहीं बनाये हैं।

(7) यह कि द्वितीय पक्ष अनुसूचि-1 में वर्णित जमीन पर अच्छे वास्तुकार से नक्शा बनवायेगें एवं सम्बंधित सक्षम पदाधिकारी से मॉल का नक्शा एवं प्लान प्रथम पक्ष के हस्ताक्षर से स्वीकृति हेतू दाखिल कर स्वीकृत होने पर उसके अनुरूप मॉल का निर्माण करेगें।

अब दोनों पक्षगण इस विकास एकरारनामा को साक्षियों के समक्ष निम्नानुसार अनुसरित करते हैं:-

1 जमीन मालिकगण ने उपरोक्त विकासकर्त्ता को जमीन का विकास करने के लिए इस एकरारनामा के तहत इजाजत दिया है जिसपर विकासकर्त्ता अनुसूचि - 1 में वर्णित जमीन का विकास बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल के रूप में करेगें और उससे संबंधित सभी कार्यो और बातों को पूरा करने के लिए सहमत है। जिसके लिए जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को निम्नांकित अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि पर दखल कब्जा बनावट की कीमत पर सुपूर्द किया, जिसके बनावट में जो भी खर्च होगा उसे विकासकर्त्ता वहन करेगें, साथ-ही-साथ व्यवसायिक मॉल निर्माण के समय अगर किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेवारी विकासकर्त्ता की होगी और वे उसके लिए न्यायालय के समक्ष कानूनन

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13.2.12
13/02/2012
13.02.12

स्वीकार करेगें एवं क्षतिपूर्त्ति के देनदार होगें। जिसके लिए जमीन मालिकगण किसी प्रकार से जिम्मेवार नहीं होगें। विकासकर्त्ता अपने खर्च से बहुमंजिला व्यवसायिक मॉल में सेवरेज, ड्रेनेज के साथ जितने तरह का फिटींग्स, फिक्चर, विद्युत का फिटींग्स, पानी कनेक्क्शन, जनरेटर, इंटरकॉम वैगरह की सुविधा के साथ पूर्ण विकसित व्यवसायिक मॉल का निमार्ण नक्शा के अनुरूप उपर्युक्त जमीन पर जमीन मालिकगण और दूसरे एवं अन्य व्यक्तियों के लिए उपलब्ध करायेंगें एवं सहुलियत देगें।

2 जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता ने सामिलात तौर पर निश्चिय किया है कि एफ0 ए0 आर0 प्रतिशत पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगरपालिका के व्यवसायिक मॉल से संबंधित उप नियमों के अनुसार लागू होगा।

3 इस विकास एकरारनामा के शर्तों लिर्पिब्ध होने के तुरंत बाद विकासकर्त्ता शीघ्रातिशीघ्र उल्लेखित प्रांगण पर व्यवसायिक मॉल का नक्शा तैयार करने का काम एक अच्छे और जानकार आर्चिटेक्क और इंजीनीयार से आरंभ कर देगें।

4 विकासकर्त्ता व्यवसायिक मॉल निर्माण का नक्शा पटना नगर निगम में उसके आदेश के पहले जमीन मालिकगण से लिखित स्वीकृति लेकर दाखिल करेगें अथवा किसी भी सक्षम स्थानीय प्राधिकार को बने हुए क्षेत्र को किसी के नाम आवंटित करने का काम करेगें।

5 जमीन मालिकगण अनुसूचि में वर्णित भूमि पर बहुमंजिला मकान बनाने हेतू निर्मित पूरे हिस्से में से 50 प्रतिशत विकसित हिस्से खुद के प्राप्ति और 50 प्रतिशत विकासकर्त्ता को प्राप्ति के शर्त पर विकासकर्त्ता को हर तरह से कर्ज मुक्ति के साथ सुपुर्द किया।

6 विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण के निम्नांकित अनुसूचि - 1 में वर्णित भू-सम्पत्ति के अलावे अन्य जमीन मालिकों से आवश्यकता अनुसार जमीन लेकर व्यवसायिक मॉल का निर्माण एक या अधिक ब्लॉकों में निर्माण कर सकते हैं। अगर विकासकर्त्ता को अन्य जमीन मालिकों से जमीन

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/02/2012
13.2.12

उपलब्ध नहीं हुआ या होगा तो विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण के जमीन पर हीं एक ब्लॉक में व्यवसायिक मॉल का निर्माण करेगें। जिसके लिए जमीन मालिकगण अपनी ओर से सहमति देते हैं एवं दोनो पक्षों के बीच यह सहमती बनी है कि निर्माणाधीन व्यवसायिक मॉल का नाम **"THE SHOPPERS MALL"** होगा।

7. जमीन मालिक के निम्नाकित अनुसूचि - 1 में वर्णित जमीन पर जो भी व्यवसायिक मॉल का निर्माण होगा उसमें कुल परम निर्मित व्यवसायिक मॉल के बनावट में जमीन मालिक का हिस्सा 50 प्रतिशत होगा और इसी के अनुरूप विकासकर्त्ता का भी 50 प्रतिशत हिस्सा होगा।

8 कीमत के रुप मे विकासकर्त्ता ये स्वीकार करते हैं कि जमीन मालिकगण को 50 प्रतिशत (पचास प्रतिशत) पूर्ण रुप से बने हुए क्षेत्र में जमीन मालिकगण से बिना कोई कीमत लिए जमीन मालिकगण को दे देगें। जिन्हें खेसरा सं0 - 728 और 736 के अंश रकवा 33.5 + 3 डिसमिल में व्यवसायिक मॉल का निर्माण कर खास दाज और हिस्से में मिलेगा, जिसके जमीन मालिकगण निर्विवाद रूप में पूर्ण स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार होगें जिसे वे जिस प्रकार से चाहें पूर्ण रूप से स्वामी के रूप में उपयोग वो उपभोग करेगें और जब जमीन मालिक अपने हिस्से को बिक्रय करना चाहेंगें तो बिकास कर्ता द्वारा प्रस्तावित एजेन्सियों, फर्मो एवं दिलचस्प व्यवसायिक व्यक्तियों के नाम से हीं बिक्रय, पट्टा एवं हस्ताणातरित करेगें और बकिये 50 प्रतिशत (पचास प्रतिशत) व्यवसायिक हिस्सा (पूर्ण रुप से बना हुआ क्षेत्र) विकासकर्त्ता का क्षेत्र कहा जायेगा। जिसके विकासकर्त्ता बिहार अपार्टमेंट ऑनरशीप अधिनियम, 2006 की धारा 5 वैगरह के अन्तर्गत पूर्णरूपेन निर्विवाद रूप से स्वामी, मालिक, अधिकारी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार होगें और उसे विकासकर्त्ता जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, फर्म और अन्य वैगरह को जिस तरीके से भी चाहें बिक्रय एवं हस्ताणातरित या पट्टा पर तथा किसी अन्य तरह से हस्तानान्तरित करेगें और पूर्ण रूपेन करने का अधिकार प्राप्त होगा।

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

9 यह कि व्यवसायिक मॉलो का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर बनायी जायेगी और जो कुल क्षेत्र बनावट में होगा उसी को पारा 7 में वर्णित प्रतिशत के आधार पर विकासकर्त्ता और जमीन मालिकगणों के बीच विभाजित किया जायेगा और उसी के अनुरूप उक्त प्रतिशत के आधार पर दखल-कब्जा एवं खास, दाज वो हिस्सा होगा।

10. यह कि दोनो पक्षों के बीच यह सहमति बनी है की पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगरपालिका के अन्तर्गत व्यवसायिक मॉल नियमावली तथा उपबिधियों के अनुरूप व्यवसायिक मॉलों के निर्माण में बदलाव या परिवर्त्तन होगा जो जमीन मालिकगण के सहमति से अपने जिम्मेवारी और खर्चों से विकासकर्त्ता करेगें। तब जिसे दोनों पक्षगण उपर्युक्त प्रतिशत के अनुसार विभाजित कर अपने-अपने हिस्से में ले लेंगें।

11. यह कि जमीन मालिकगण को अपने मिले हुए 50 प्रतिशत सुपर विल्टअप एरिया हिस्से को जिस प्रकार चाहें बिहार सरकार के अभिलेखों, के अन्तर्गत के अभिलेखों तथा जहाँ-जहाँ और जिस-जिस स्थानों पर अनिवार्य हो वहाँ-वहाँ अपने नामों नामांकित करा लेगें और किसी के अनुरूप करों का भुगतान अपने-अपने स्तरों से करेगे।

12 यह कि दोनो पक्षों के बीच यह सहमति बनी है कि जमीन मालिकगण के जमीन पर वहुमंजिला व्यवसायिक मॉलं के निर्माण होने के बाद तथा जमीन मालिकगणों को बिना हर्जा-खर्चा के 50 प्रतिशत बनावट विकासकर्त्ता पूर्ण रूप से विकसित कर जमीन मालिकगण के हिस्से को सुपूर्द करेगें। तत्पश्चात् विकासकर्त्ता नक्शा पास होने के तिथि से करीब तीन वर्ष छः माह और 1 वर्ष रियायत समय में व्यवसायिक मॉलों का निर्माण का काम पूरा कर देगें तथा भयंकर दुर्घटना एवं प्राकृतिक विपदा हो जाएगा तो समय सीमा में बढ़ोतरी हो सकती है। इस निर्धारित समय सीमा तक व्यवसायिक मॉल का निर्माण पूर्ण करने को विकासकर्त्ता बाध्य होगें और इसी निर्धारित समय सीमा में विकासकर्त्ता जमीन मालिकगणों को हिस्सा सुपूर्द कर देगें। अगर विकासकर्त्ता निर्धारित समय तक व्यवसायिक मॉल का

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/2/12
13.2.12

निर्माण पूर्ण रूप से विकसित कर किसी भी सूरत में नहीं करेगा, तो विकासकर्त्ता जमीन मालिकगणगण को उनके हिस्से 50 प्रतिशत वर्गफीट में पड़ने वाले एरियायों पर अंकेन् 6/- रूपये प्रति वर्गफीट प्रति माह की दर से किराया देगें।

13 यह कि इस शर्तनामा-पत्र के जरिये जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को विकास नक्शा, निर्माण और बहुमंजीलय व्यवसायिक मॉल के कुल निर्मित क्षेत्र का 50 प्रतिशत हिस्सा बिक्रय करने हेतु अनुसूचि -1 में वर्णित भू-सम्पत्ति पर दखल कब्जा दिया और इसलिए विकासकर्त्ता का जमीन पर पूर्ण स्वामित्व ~~को अधिकार होगा फिर भी जमीन मालिकगण का जो स्वामित्व~~ है वह बिक्रय-पत्र या मुक्ति-पत्र निबंधिन के पश्चात हीं ~~हस्तानान्तरित~~ होगा।

14 यह कि विकासकर्त्ता बिल्कुल स्वतंत्र विकासकर्त्ता रहेगें और उस बीच कोई तृतीय पक्ष निर्माण अथवा विकास में बाधक नहीं होगा।

15 यह कि जमीन मालिकगण अपने लिए विकासकर्त्ता को इस शर्तनामा में दिये गये दूसरे प्रविधानों को निम्नलिखित कार्य दस्तावेज और कोई खास विषय पूर्ण अधिकार दे रहे हैं जो निम्नलिखित है:-

(क) यह कि विकासकर्त्ता सिर्फ शिल्पकार भूमापक अभियंता, ठीकेदार और दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों की नियुक्ति करेगें।

(ख) यह कि विकासकर्त्ता सम्बन्धित अधिकारियों के पास विधुत लाईन लेने अथवा सिमेंन्ट लोहा और दूसरे नियंत्रित वस्तुओं का कोटा लेने के लिए या अनुज्ञा पत्र लेने के लिए आवेदन देगें।

(ग) यह कि विकासकर्त्ता कोई रीट सम्मन या दूसरे कानूनी नोटिस आदि लेने और किसी भी न्यायालय दण्डाधिकारी न्यायिक ट्रिव्यूनल अथवा दूसरे कार्यालयों में जमीन मालिकगण का प्रतितिधित्व करगें। वे उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बंधित विकास के लिए मुकदमा दायर करेगें और मुकदमें में हाजिर होकर बचाव करेगें और कोई भी कार्य किसी भी न्यायालय या किसी पब्लिक व्यवसायिक मॉल जन पदाधिकारी सार्वजनिक पदाधिकारी या ट्रिव्यूनल

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12.
13/02/12
13.2.12

जो उपर्युक्त सम्पत्ति या इसके विकास या उसके किसी हिस्से के विकास सम्बंधी होगा करने के अधिकारी होंगें और उसके लिए कोई भी कागजात, वकालतनामा, दावा पत्र, वाद पत्र, आदेश, आवेदन पत्र, कागज या लिखित किसी भी कागज पर विकासकर्त्ता हस्ताक्षर करेगें। किसी भी कानूनी कार्यवाही की हालत में किसी भी न्यायालय में जो जमीन मालिकगण के अभिरूची के विरूद्ध होगा विकासकर्त्ता अपने खर्च से जमीन मालिकगण का हकियत और अभिरूची बचाने के लिए सभी कदम अपनावेगें और इसके लिए समय समय पर जमीन मालिकगण से उनको परामर्श लेते रहेगे ।

(घ) यह कि विकासकर्त्ता उपरोक्त सम्पत्ति के विकास के लिए जो भी उचित काम दस्तावेज या दूसरी बात जो कानूनी तरह से जरूरत हो करगें।

(ड़) यह कि विकासकतर्ता अपने हिस्से के क्षेत्र में बिल्डींग/ व्यवसायिक मॉल का एरिया या कोई क्षेत्र को किसी को आवंटित करगें या बचेगें और उसके पैसा प्राप्त करेगें उसको निर्माण और विकास में खर्च करेगें और उसको निर्माण और बिकास में खर्च करेगें या स्वयं उपयोग करगें।

16. यह कि फिर भी विकासकर्त्ता किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ जो व्यवसायिक मॉल में से कोई एरिया या कोई उसका हिस्सा स्वामित्व आधार पर लेना चाहता है अगर जमीन मालिकगण से सहमति हासिल करना हो तो जमीन मालिकगण उसे पक्का करने हेतु अपना हस्ताक्षर करेगें। जितनी रकम इस एकरारनामा के अन्दर निर्मित व्यवसायिक मॉलों के एरिया के लिए प्राप्त होने वाला है उसे विकासकर्त्ता प्राप्त करेगें और अपने व्यवहार लायेगें।

17. यह कि ठीक उसी तरह जमीन मालिकगण अपने क्षेत्र को बेचने अथवा किसी दूसरे तरह से व्यवसायिक मॉल में निर्मित एरिया या उसका कोई हिस्सा बिकासकर्ता द्वारा प्रस्तावित एजेन्सियों, फर्मो एवं दिलचस्प व्यवसायिक व्यक्तियों के नाम से हीं बिक्रय, पट्टा एवं हस्ताणातरित करेगें । विकासकर्त्ता उसमें खरीदार या प्राप्तकर्त्ता के इच्छा के अनुरुप उस कागज पर दस्तखत करेगा और जमीन मालकगण को अपने हिस्से 50 प्रतिशत के

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/02/2012
13.2.12

क्षेत्र को बिक्रय करने तथा हस्तानान्तरित करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है और होगा और उससे प्राप्त कुल रकमों को प्राप्त करने का पूर्ण हक प्राप्त होगा।

18. यह कि व्यवसायिक मॉल निर्माण पूर्ण होने पर जमीन मालिकगण अगर विकासकर्त्ता एरिया बेचने या हस्तानान्तरित करने के समय या किसी दूसरे व्यक्ति को देने के समय जिसमें स्वामित्व, कब्जा और हकियत हस्तानान्तरित के वास्ते जमीन मालिकगण का स्वीकृति चाहेगें तो उसपर जमीन मालिकगण हस्ताक्षर कर अपनी ओर से स्वीकृति प्रदान करेगें।

19. यह कि व्यवसायिक मॉल निर्माण के समय विकासकर्त्ता किसी बैंक आर्थिक संस्था ~~या किसी भी प्राधिकार के कम समय के लिए~~ किसी व्यक्तिगत खरीदार के लिए निर्माण को पूरा करने हेतु कानूनी इजारा अपने हिस्से का 50 प्रतिशत क्षेत्र को कर सकते हैं या बंधक रख सकतें हैं और उस हालत में अगर जमीन मालिकगण की स्वीकृति चाहेगें तो जमीन मालिकगण आपस में परामर्श करके स्वीकृति प्रदान करेगें।

20. यह कि अगर यह पाया जाये कि विकासकर्त्ता किसी आर्थिक संस्थ या किसी व्यक्ति से उपरोक्त जमीन पर कर्ज लेकर दूसरे मद में खर्च किये हुए हैं तो उसका बंधन जमीन मालिकगण प्रथम पक्ष पर नहीं होगा।

21. यह कि विकासकर्त्ता यह भी स्वीकार करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि पूरा कर्ज विकासकर्त्ता या इनके खरीदारों के हिस्से से वसुल किया जायेगा और जमीन मालिकगण को उससे कोई सम्बंध नही होगा।

22. यह कि अपार्टमेंट ऑनरशीप अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत विकासकर्त्ता अपने 50 प्रतिशत बनावट के साथ-साथ अनुसूचि - 1 में वर्णित भूखण्डों में अनुपातित भू-भाग के निर्विवाद स्वामी पूर्ण रूपेन होंगे। विकासकर्त्ता के कुल निर्मित क्षेत्रफल के 50 प्रतिशत हिस्से पर जमीन मालिकगण और इनके उत्तराधिकारीगण को उक्त अधिनियम के आधार पर विरोध, आपत्ति तथा दावा करने का अधिकार नहीं होगा। इसके लिए जमीन

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/02/2012
13.2.12

मालिकगण विकासकर्त्ता को स्थाई पावर ऑफ एटर्नी नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

23. यह कि जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को पूर्ण विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण सम्पति जिसका विकास करना है उसपर किसी तरह का नोटिस या घोषणा जो जमीन से भू-अर्जन के लिए हो किसी भी कानून के अन्तर्गत आज तक नहीं हुआ है और उपरोक्त सम्पति बिल्कुल पाक साफ है।

24. यह कि जमीन मालिकगण यह भी कहते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगरपालिका अथवा किसी भी अधिकार क्षेत्र द्वारा लेने या भू-अर्जन हेतु इस सम्पति में या उसके किसी हिस्से पर कोई नोटिस या आदेश पारित नहीं हुआ हैं। और किसी भी तरह का निगम या किसी दूसरे अधिकारी द्वारा कोई अनुरोध नहीं हुआ है जिससे उपरोक्त सम्पति या उसका कोई हिस्सा प्रभावित होगा।

25. यह कि जमीन मालिकगण यह घोषणा करते है कि इस एकरारनामा में वर्णित भू-सम्पत्ति हर तरह के कानूनी दावा, जप्ति, निशेषधात्मक आदेश, मुकदमा, डिग्री, निषेधाज्ञा, दिवालियापन का नोटिश तथा इसके विरूद्ध आदेश, बेनामीदारी या न्यासी गोतिया या हिस्सेदार के दावा, नुक्स हकियत, स्वत्वदोष, झेझट और अर्जन से बिल्कुल मुक्त है तथा जमीन मालिकगण निम्नांकित सम्पति या उसके किसी हिस्से को न तो बेचेगें, न किसी को देगें, न हस्तान्तरित करेंगें और किसी के पक्ष में कोई कागज लिखेगें और वे आगे कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेगें और न कोई दस्तावेज लिखेगें जो इस शर्तनामा के नियमों के या घोषणा के विरुद्ध हो। अगर निम्नांकित सम्पत्ति पर उपरोक्त सभी तरह दोष पायी जाये तथा सम्पति के संबंध में जो भी अन्य तरह सन्देह या सक पैदा होगा उसे जमीन मालिकगण अपने खर्च से इस सारे सक और सन्देह को विकासकर्त्ता के कथानुसार या उनके प्रतिनिधि के कथनानुसार दूर करेगें।

26 यह कि घोषणा-पत्र के सत्यापित करने हेतु जो उपर किया गया है उपरोक्त जमीन मालिकगण और खास करके अपने स्थाई स्वामित्व के संबंध

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
MANAGING DIRECTOR
13/2/12

पारस सिंह
13.2.12

में और अपने हकियत के सम्बन्ध में घोषणा करते हैं कि यह सम्पति हर तरह के वारदैन से मुक्त हैं और पुनः वादा करते हैं कि उक्त सम्पति पर या उसके किसी हिस्से पर किसी प्रकार का कर्ज नहीं लेगें और न उसको किसी दूसरे के हाथ बेचेगें और न उसको कोई ऐसा काम करेगें केवल जो इसमें लिखा हुआ है उसी के अनुसार करेगें और जमीन मालिकगण यह भी वादा करते हैं कि सक्षम अधिकारी के यहां सम्पति से संबंधित सत्यापन हेतु सारे कागजात उपस्थित करेगें।

27 यह कि जमीन मालिकगण निर्माण में किसी तरह का वाधा उपस्थित नहीं करेगे। लेकिन मॉल के निर्माण उसमें समान को लगाने एवं उसको निरीक्षण करने का राजी होगें। अगर निर्माण में कोई परामर्श लेना हो या कोई परिवर्तन करना हो तो जमीन मालिकगण लिखित परामर्श देगे और इस बात की सूचना कार्यकत्ताओं को नहीं देगें।

28 यह कि एकरारनामा के निष्पादन के दिन के बाद विकासकर्त्ता कोई भी बाकी देनदारी का जिम्मेवार होगें। लेकिन एकरारानामा के निष्पादन के तिथि के पहले वो निर्माण के पहले कोई भी देन का जिम्मेवार नहीं होगा।

29 यह कि विकासकर्त्ता किसी भी तरह से सीधे या चक्करदार कोई गलती नहीं करेगें जिससे जमीन मालिकगण के स्वामित्व अधिकार या अभिरुची में वाधा पहुंचे। जबतक कि जमीन मालिकगण के क्षेत्र का कब्जा विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को न दे दें।

30 यह कि विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को कर्ज मुक्त रखेगें और हमेशा रखेगें। अगर किसी दावे का दावा, क्षतिपूर्ति या खर्च जो कि कार्यकर्त्ता शिल्पी या निमंत्रित व्यक्तियों द्वारा किया जाये उससे भी कर्ज मुक्त रखेगें। चाहें वह नौकरी विकास कर्त्ता के द्वारा दी जाय अथवा व्यवसायिक मॉल निर्माण के समय हो

31 विकासकर्त्ता गुणवक्ता नक्शा या ले-आउट और उसके गुंणवक्ता पर पूर्ण ध्याण देगें।

32 यह कि जमीन मालिकगण पूर्ण बने हुए मॉल में अपने हिस्से के रुप में उसका कीमत प्राप्त करेगें और भविष्य में किसी तरह का विकासकर्त्ता के हिस्से में बने हुए मकान पर कोई भी मांग या प्रिमियम लेने का उनको अधिकार नहीं होगा।

For COMICON CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13-2-12
13/02/2012
19.2.12

33 यह कि विकासकर्त्ता और जमीन मालिकगण इस बिकास एकरारनामा में वर्णित उपरोक्त सभी शर्तो एवं नियमों के आधार पर सौहार्द पूर्ण वातावरण में अपने अपने हिस्से को प्राप्त करेगें और दोनो पक्ष अपने अपने हिस्से के निर्विवाद रूप से स्वामी होगें तथा व्यवसायिक मॉल निर्माण के उपरांत जब जमीन मालिकगण को 50 प्रतिशत के रूप में निर्मित व्यवसायिक मॉल पर दखल कब्जा मिल जायेगा तो जमीन मालिकगण या इनके खरीदारगण तथा विकासकर्त्ता इसके खरीदागण व्यवसायिक मॉलों को रख-रखाव तथा सफाई एवं रंगाई-पोताई तथा सुरक्षा के लिए एक ऑनर एसोशियसन होगा जिसे व्यवसायिक मॉलो में रहने वाले जमीन मालिकगण तथा इनके खरीदारगण और विकासकर्त्ता तथा इनके खरीदारगण ऑनर एसोशियशन का लिखित नियमावली बनायेगें या कानूनी जानकार से बनायेगें तथा इसके सभी सदस्यगण होगें तथा व्यवसायिक मॉल के रख-रखाव एवं सफाई-सुथरा रखने हेतु जो हिस्सा प्रत्येक एरिया वालों का होगा उसका भुगतान वे सभी ऑनर एसोशियसन को करेगें तथा सभी ऑर्नस एसोशियसन को चलाने हेतु नियमावली के आधार पर व्यवसायिक मॉलों के रख-रखाव हेतु पदाधिकारियों का निर्वाचान अपने अनुरूप पद का निर्धारण करते हुए करेगें।

34 यह कि विकासकर्त्ता तथा जमीन मालिकगण आपस में यह भी सहमत हैं कि उस बहुमंजीला व्यवसायिक मॉल को केवल व्यवसायिक एवं ऑफिस, मनोरंजन क्रेन्द्र तथा - सिनेमा हॉल एवं अन्य व्यवसायिक कार्यों में लाया जायेगा ।

35 यह कि व्यवसायिक मॉल में जो पार्किंग का निर्माण होगा उसमें जमीन मालिक और विकासकर्त्ता का हिस्सा होगा उसमें सिर्फ मॉल में एजेन्सियों, फर्मो, एवं ग्राहकों तथा मनोरंजन क्रेन्द्र तथा - सिनेमा हॉल में मनोरंजन क्रेन्द्र तथा सिनेमा देखने वाले आगन्तुकों के लिए होगा उसका देखभाल विकासकर्त्ता के द्वारा नियुक्त पार्किंग एजेन्सी करेगा और वह पार्किंग करने वालों से निर्धारित माप दण्ड में किराया या रकम वसूल करेगा और विकासकर्त्ता को भुगताना करेगा उसका हिसाब लिखित रूप में होगा और उसमें दोनो पक्षों का बराबर बराबर हिस्सा होगा एवं उस हिस्से को दोनो पक्षगण मिल बैठकर प्राप्त करेगें।

For CONCISION CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

13.2.12
13/02/2012
13.2.12

36 यह कि दोनो पक्षगण व्यवसायिक मॉल का देख भाल एवं मरम्मत तथा रंगाई पोताई मिलकर करेगें ताकि व्यवसायिक मॉल की गरिमा कायम रहें।

37 यह कि इस विकास एकरारनामा के संबंध में अगर कोई विवाद या पक्षकारों में मतभेद उत्त्पन्न होता है तो उसका निपटारा पंचाट के द्वारा दिये गये फैसला के अनुरूप किया जायेगा। जिसमें सभी पक्षकारगण भारतीय पंचायती अधिनियम 1996 के अधीन पक्षकार पंच नियुक्त करेगें और इसके द्वारा दिये गये फैसला अंतिम होगा और दिये गये फैसले को सभी पक्षगण स्वीकार करने को बाध्य होंगे।

38 यहाँ स्पष्ट कर देना उचित है कि विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को जो उनका 50 प्रतिशत हिस्सा देगें।

39 यह कि दोनो पक्षों के बीच यह तय हुआ है कि विकासकर्त्ता अपने सुविधानुसार अनुसूचि एक में वर्णित जमीन से सटे हुए जमीन को बिकास पर लेकर वहुमंजिला व्यवसायिक मॉल का निमार्ण करेगें उसमें प्रथम पक्ष जमीन मालिकगण या इनके उत्तराधिकारीगण किसी प्रकार का विरोध एवं आपत्ति नहीं करेगें

For CONCICOM CONSTRUCTION PVT. LTD.
13/2/12
MANAGING DIRECTOR

अनुसूचि - 1

सम्पति का विवरण इस एकरारनामा में निम्नलिखित है

क्षेत्रफल 33.5 + 3 बराबर 36.5 (छतीस दशमलव पाँच) डिसमिल परती व्यवसायिक भूमि, हकियत कास्त रैयती नगदी कायमी, जो खेसरा नं0 728 और 736 (सात सौ अठाईस और सात सौ छतीस), खाता नं0- 112 (एक सौ बारह), तौजी 5281, थाना नं0- 18 (अठारह), मौजा - रूकनपुरा, वर्तमान महल्ला - आर्दश बिहार कोलोनी (मूल्यांकन वही क्रमांक सं0-061), सर्वे थाना - दानापुर, परगना- फुलवारी, पुराना पुलिस थाना- दानापुर, वर्तमान पुलिस थाना- रूपसपुर, अवर निबंधन कार्यालय- दानापुर, जिला अवर निबंधन कार्यालय और जिला- पटना, में अवस्थित है, जो पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगरपालिका के अन्दर है, जिसकी चौहद्दी निम्नलिखित है:-

13.2.12
13/02/2012
13.2.12

चौहद्दी

उत्तर :- राजनाथ सिंह एवं रामफल सिंह वगैरह

दक्षिण :- सर्वे खेसरा नं0- 728 एवं 736 श्री जय प्रकाश सिंह

पूरब :- सहायक रास्ता और मुशहरी

पश्चिम :- राजनाथ सिंह

जमीन का मूल्यांकन -अंकेन् - 2,33,60,000/-

यह विकास एकरारनामा आज दिनांक ...13th..Feb..2012.को जमीन मालिकगण ने विकासकर्त्ता के पक्ष में निम्नलिखित गवाहों के समक्ष लिख दिया कि समय पर काम आवे और प्रमाण रहे।

गवाहों का हस्ताक्षर

1. Nand Kishor Tanti
Late Sushil Tanti
Vill. Mouzam Pur
Post. Manjainya
P.S. Sangrampur
Distt. Munger

2.

जमीन मालिकगण का हस्ताक्षर

चन्देश्वर सिंह 13-2-12

धर्मदेव सिंह 13/02/2012

पारस सिंह 13-2-12

विकास कर्त्ता का हस्ताक्षर

For CONCICON CONSTRUCTION PVT. LTD.

13/2/12

MANAGING DIRECTOR

टकणकर्त्ता

अमरजीत कुमार
राजेन्द्रपथ पटना

प्रारूपकर्त्ता

13/2/12

(रामानन्द प्रसाद केशरी), अधिवक्ता
समाहारणालय वार एसोसिएसन, पटना

Endorsement of Certificate of Admissibility

Admissible under Rule 5 : duly stamped (or exempted from or does not require stamp duty) under the Indian Stamp Act, 1899, Schedule I or I-A, No. 05. Also admissible under section 26(a) of the B. T. Act.

Stamp duty paid under Indian Stamp Act **Rs. 467300** *Amt. paid by N.J. Stamp Paper -* **Rs. 0**

Addl. Stamp duty paid under Municipal Act **Rs.** *Amt. paid through Bank Challan -* **Rs. 468229**

			Registration Fee					LLR + Process Fee		Service Charge
FEE PAID	A1	0 C	0 H1b	0 Ka1	0 Lii	0	LLR	0		
	A8	0 D	0 H2	0 K1b	0 Liii	0	Proc. Fee	0	450	
	A9	0 DD	0 I	150 K1c	0 Mb	25	Total-	0		
	A10	0 E	250 J1	0 K2	0 Na	54				
	B	0 H1a	0 J2	0 Li	0					
					TOTAL-	479				

Total amont paid (Reg. fee+LLR, Proc+Service Charge) in Rs. 929

Registering Officer
Patna

Date : 13/02/2012

Endorsement under section 52

Presented for registration at Registration Office, Patna on Monday, 13th February 2012 by Chandradeo Singh S/O Late Billat Singh by profession Others. Status - Executant

चन्द्रदेव सिंह
13-2-12

Registering Officer
Patna

Signature / L.T.I. of Presentant Date : 13/02/2012

Endorsement under section 58

Execution is admitted by those executants and identified by the person (identified by Nand Kishore Tanti age .... Sex M son/daughter of S/O Sushil Tanti resident of Sangrampur,Munger.) whose names, photographs, fingerprints and signatures are affixed as such on back page / pages of the instrument.

Registering Officer
Patna

Date : 13/02/2012

Endorsement of Certificate of Registration under section 60

Registered at Registration Office Patna in Book No. 1 Volume No. 60 on page no. 1 - 18 for the year 2012 and stored in CD Volume No.CD-10 year 2012. The document no. is printed on the front Page of the document.

Registering Officer
Patna

Date : 13/02/2012

Token No.4321 Year - 2012 Sl.No. 1267 SCORE Ver. 2.1 Deed No. 3398 NIC-Bihar

Serial No. 34914 Deed No. 29119

Govt. of Bihar
District Registry Office ,Patna
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on 16/11/2012 by Jai Prakash Singh
A stamp duty of Rs. 474600/- and other fees of Rs. 979/- has been paid in it.
The document was found admissible. The names, photographs and fingerprints and signatures of the executants, and their identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as deed no. 29119 in Book No. 1, Volume No. 562 on pages from 544 to 560 and has been preserved in total 17 pages in C.D. No. 88 / Year 2012

Signature with Date
(Ashok Kumar Thakur)
Registering Officer, Patna

Date: 16/11/2012 Token No: 35742 /2012

Harendra Rs. 35742/12

DEVELOPMENT AGREEMENT

THIS INDENTURE OF DEVELOPMENT AGREEMENT is made here at Patna and entered on this ..16.... day of ..Nov...., 2012 of the Christian era;

BETWEEN

